15.06.2016 (Punjab Kesari)

वाईएमसीए में योग दिवस की तैयारियां शुरू

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में योग करते लोग। (रजत चौधरी)

फरीदाबाद, 14 जून (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा 21 जून को विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से विश्व स्तर पर योग को महत्व एवं अलग पहचान मिली है।

इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय ने भी योग दिवस पर एक भव्य आयोजन का निर्णय लिया है। इसके लिए केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् के तत्वावधान में विश्वविद्यालय द्वारा एक महीने तक चलने वाले नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन भी किया गया है, जिसमें काफी संख्या में विश्वविद्यालय परिसर तथा बाहर से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है।

यह शिविर 20 जून तक चलेगा। कुलसचिव डा. संजय कुमार शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय को 21 जून को फरीदाबाद व गुड़गांव में योग कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य आयोजन किया जायेगा।

विश्वविद्यालय गुड़गांव में भी योग कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस दिन सामान्य योग अभ्यासक्रम के अलावा योग के महत्व पर वार्ता भी की जायेगी। साधकों को दूध व फल आहार देने के लिए भी विशेष प्रबंध किये गये है। योग प्रशिक्षक एवं कार्यक्रम के समन्वयक अनिल अग्रवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों को कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय योग संस्थान की जिला फरीदाबाद इकाई से भी सहयोग लिया जा रहा है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed, 15 June 2016
epaper.punjabkesari.in/c/11012324

15.06.2016 (Navbharat Times)

YMCA यूनिवर्सिटी में भी होगा आयोजन

■ **वस, फरीदाबाद:** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी की ओर से 21 जून को यूनिवर्सिटी परिसर में योग दिवस मनाया जाएगा। केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अधीन केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम के लिए फरीदाबाद एवं आसपास के सामाजिक संगठनों व शिक्षण संस्थानों को आमंत्रित किया गया है। वाइस चांसलर प्रो.दिनेश कुमार ने बताया कि इसके लिए केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में यूनिवर्सिटी की ओर से निशुल्क योग शिविर लगाया गया है, जो 20 जून तक चलेगा। रजिस्ट्रार डॉ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद की ओर से यूनिवर्सिटी को 21 जून को फरीदाबाद व गुड़गांव में योग कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

15.06.2016 (Dainik Jagran)

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में जुटा वाईएमसीए

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में चल रहे योग शिविर। जागरण

- 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया जाएगा

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया जाएगा।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अधीन केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के संयुक्त प्रयास से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों तथा शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद होंगे। इस कार्यक्रम के लिए भारतीय योग संस्थान की जिला फरीदाबाद इकाई भी सहयोग दे रही है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विश्व स्तर पर योग को महत्व एवं अलग पहचान मिली है। इस प्राचीन भारतीय परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में विश्वविद्यालय एक महीने तक चलने वाले निशुल्क योग शिविर का आयोजन भी किया गया है, जिसमें काफी संख्या में विश्वविद्यालय परिसर तथा बाहर से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है तथा योग सीख रहे है। यह शिविर 20 जून तक चलेगा। योग प्रशिक्षक एवं कार्यक्रम के समन्वयक अनिल अग्रवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक भव्य एवं सफल आयोजन बनाने के लिए कई सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों को कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है।

15.06.2016 (Dainik Bhaskar)

वाईएमसीए में चल रहे शिविर में लोग सीख रहे योग

फरीदाबाद | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम के लिए फरीदाबाद एवं आसपास के सामाजिक संगठनों व शिक्षण संस्थानों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय योग संस्थान की जिला फरीदाबाद ईकाई का सहयोग भी लिया जा रहा है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से विश्व स्तर पर योग को महत्व एवं अलग पहचान मिली है। इस प्राचीन भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए।